सं. 15011/33/2020-पीएण्डके

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 14 अगस्त, 2020

सेवा में

1. बीवीएफसीएल, पीडीआईएल, फैगमिल, फैक्ट, एमएफएल, एनएफएल और आरसीएफ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।
2. महानिदेशक, एफएआई
3. सभी एसएसपी और मिश्रण विनिर्माता

विषय: मोलासेस आधारित डिस्टिलरीज स्पेंट वॉश से उत्पादित इनसिनरेटेड बॉयलर एश से पोटाश (के2एसओ4) की पुन: प्राप्ति।

महोदय,

मुझे उपर्युक्त विषय पर एसएसपी टेक्नालॉजी अनलिमिटेड से प्राप्त पत्र सं. एसएसपी: एबी:डीओएफ:2985 दिनांक 13.07.2020 इसके साथ अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

2. आईएसओ 9001-2015 प्रमाणित इंजीनियरिंग कम्पनी एसएसपी टेक्नालॉजी अनलिमिटेड ने सूचित किया है कि उन्होंने मोलासेस आधारित डिस्टिलरीज स्पेंट वॉश से उत्पादित इनसिनरेटेड बॉयलर एश से पोटाश (के2एसओ4) की पुन: प्राप्ति के लिए एक नई प्रौद्योगिकी विकसित की है। एसएसपी प्रौद्योगिकी >96% शुद्धता के साथ के2एसओ4 (पोटाशियम सल्फेट) का 30-34% पुन: प्राप्त करती है। यह उत्पाद सफेद किस्टलाइन के2एसओ4 है।

3. चूंकि पोटाश क्षेत्र में देश 100% आयात पर निर्भर है अत: आपसे नई प्रौद्योगिकी पर विचार करने और निर्माता के साथ सहयोग करके पायलट संयंत्र स्थापित करने पर विचार करने का अनुरोध किया जाता है यदि यह आपके व्यवसाय योजना के अनुरूप है।

4. गत वर्षों में एलएमटी में बिक्री के खपत रूझानों सहित आगामी वर्ष में संभावित खपत अनुलग्नक 'क' के रूप में संलग्न है।

(गीता मिश्रा)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 23386151

प्रति: श्री विवेक कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव (एफडब्ल्यू, कारपोरेशन एवं डिजीटल एग्री) एवं सीईओ-पीएम किसान, कृषि मंत्रालय, कमरा सं. 297 डी1, कृषि भवन, नई दिल्ली । इसे उचित कार्रवाई हेतु सभी बहु-राज्य सहकारी संगठनों और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को परिचालित करने का अनुरोध किया जाता है।

1. सभी राज्यों के उद्योग विभाग को उनके क्षेत्राधिकार में डिस्टिलरीज से पोटाश की पुन:प्राप्ति हेतु प्रौद्योगिकी पर विचार करने के अनुरोध सहित।
2. श्री आशिष बनर्जी, निदेशक, एसएसपी टेक्नोलॉजी अनलिमिटेड, 13 माइलस्टोन, मथुरा रोड, फरीदाबाद - 121003 को सूचनार्थ।

अनुलग्नक 'क'

एलएमटी में एमओपी का गत वर्षों में खपत का रूझान निम्नानुसार है:-

वर्ष	**एलएमटी में खपत**
2014-15	27.80
2015-16	24.32
2016-17	28.21
2017-18	30.25
2018-19	29.54
2019-20	27.91

आगामी वर्ष में संभावित (अनंतिम) खपत निम्नानुसार हो सकती है:

वर्ष	**एलएमटी में खपत**
2020-21	31.00
2021-22	32.00
2022-23	33.00
2023-24	34.00
2024-25	35.00